नामांक Roll No.

No. of Questions – **30**

S-98-Social Science (D & D)

No. of Printed Pages – **8**

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2017

सामाजिक विज्ञान

(SOCIAL SCIENCE)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्नों के अंकभार उनके सम्मुख अंकित हैं ।

(6) प्रश्न संख्या 30 मानचित्र से संबन्धित है । मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।

(7) प्रश्न संख्या 27 से 29 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

1. 'चन्द्रकान्ता सन्तति' के लेखक का नाम बताइये । **1**

2. राजस्थान में कहाँ की खदानें तांबे के लिये प्रसिद्ध है ? **1**

3. भारत में केन्द्र सरकार की ओर से करेंसी नोट कौन जारी करता है ? **1**

4. स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण गतिविधियों पर कौन निर्णय लेते हैं ? **1**

5. भारत में पहला चलचित्र कब व किसने बनाया ? **1+1=2**

6. 'गुलाम गिरी' के रचियता कौन थे ? इस पुस्तक की रचना कब हुई ? **1+1=2**

7. उपन्यास 'इन्दुलेखा' के द्वारा लेखक ने क्या बताने का प्रयास किया है ? **2**

8. जूट से कौन-कौन सी वस्तुएँ बनाई जाती हैं ? बताइये **2**

9. संचार के प्रमुख साधनों के नाम लिखिये । **2**

10. नेपाल की सभी बड़ी पार्टियों ने सन् 2006 मे आंदोलन कर राजा से कौन सी माँगे मनवाई ? कोई दो लिखिये । **1+1=2**

11. भारत के किन्हीं चार राज्यस्तरीय (क्षेत्रीय) राजनीतिक दलों के नाम लिखिये । **2**

12. ऋण अथवा उधार के दो महत्त्व बताइये । **1+1=2**

13. वित्तीय औपचारिक संस्थाएँ कौनसी है ? **2**

14. ऐसे दो तरीकों का उल्लेख कीजिये जिनसे प्राय: दुकानदार उपभोक्ता का शोषण करते हैं । **1+1=2**

15. लन्दन को साफ सुथरा बनाने के लिए किये गये उपाय लिखिये । **3**

16. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट कब लागू हुआ ? इसके कोई दो प्रावधान बताइये । **1+2=3**

17. रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएँ बताइये । 3

18. दबाव समूह एवं राजनीतिक दल में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिये । 3

19. लोकतन्त्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन करता है ? विवेचना कीजिये । 3

20. लोकतन्त्र में राजनीतिक दलों की मुख्य भूमिकाओं के कोई तीन मुख्य बिन्दु लिखिये । 3

21. लोकतान्त्रिक सरकारों में फैसले लेने में अधिक समय क्यों लगता है ? स्पष्ट कीजिये । 3

22. विश्व व्यापार संगठन पर एक टिप्पणी लिखिये । 3

23. अपने क्षेत्र के बाजार में जाने पर उपभोक्ता के रूप में अपने कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिये । 3

24. इंग्लैण्ड में कारखानों का उदय कब हुआ ? इससे उत्पादन की प्रक्रिया में क्या परिवर्तन हुए ? स्पष्ट कीजिये । 4

25. उपन्यास का इस्तेमाल औपनिवेशिक सरकार व भारतीयों ने अपने-अपने ढंग से किया । इस कथन की विवेचना कीजिये । **2+2=4**

26. भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल क्यों है ? स्पष्ट कीजिये । **4**

27. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आप क्या समझते हैं ? भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिये ।

अथवा

वैश्वीकरण का अर्थ बताते हुए इसे सम्भव बनाने वाले तीन कारकों की विवेचना कीजिये । **4**

28. आप भारत में विनिर्माण उद्योग को क्यों महत्त्वपूर्ण मानते हैं ? विवेचना कीजिये ।

अथवा

आपके मतानुसार उद्योगो में वायु-प्रदूषण कैसे होता है ? स्पष्ट कीजिये । **4**

29. लोकतन्त्र में अलग-अलग तरह की चुनौतियां विद्यमान हैं, इनमें से किन्हीं चार की विवेचना कीजिये ।

अथवा

लोकतन्त्र के विस्तार के कारण इसको पुनर्परिभाषित करने पर किन बातों को जोड़ा जाना चाहिये ? किन्ही चार बातों का उल्लेख कीजिये । **4**

30. भारत के मानचित्र में दर्शाइये - **2+3=5**

(अ) दो लोहा और इस्पात संयंत्र ।

(ब) तीन अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन ।

नामांक Roll No.

S-98-Social Science (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2017

सामाजिक विज्ञान

(SOCIAL SCIENCE)



यहाँ से काटें ------- Cut Here ------- यहाँ से काटें ------- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE